# कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा.............................

क्रमांकः– ..............................................................................................................................दिनांकः– यथा हस्ताक्षर

## प्रेस–विज्ञप्ति

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा–2024 में दस्तावेज सत्यापन हेतु कार्यक्रम

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के द्वारा **चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा–2024** का परीक्षा परिणाम दिनांक 16.01.2026 को जारी कर वरीयता सूची विभाग को प्रेषित की है।

अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन का कार्य शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा कार्यालय द्वारा मंडल स्तर पर किया जा रहा है। पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को जिस मंडल में दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होना है कि सूची विभागीय वेबसाईट **http://education.rajasthan.gov.in/secondary** एवं बोर्ड की वेबसाईट **www.rssb.rajasthan.gov.in**पर अपलोड है।

अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य दिनांक..........................से ..................... तक प्रातः 10 बजे से ...............................................में किया जावेगा। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेंजों के सत्यापन हेतु उनके रोल नम्बर के आगे अंकित निर्धारित दिनांक एवं समय पर आवश्यक रूप से उपस्थित होवे। तिथिवार दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों के रोल नम्बर अनुसार सूची विभागीय वेबसाईट **http://education.rajasthan.gov.in /secondary** एवं बोर्ड की वेबसाईट **www .rssb.rajasthan.gov.in** पर अपलोड की जा रही है।

(..................)
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा
...................

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बिन्दुओं का विशेष रूप से ध्यान देवें:–

1. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती 2024 के लिये राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा दिनांक 12.12.2024 को जारी विज्ञापन संख्या 19/2024 का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लेवें।
2. अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form Cum Scrutiny ) मय समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति एवं जमा फीस की प्रति अपने साथ लावें। (दो प्रतियां)
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल , सेवारत होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज एवं प्रमाण–पत्र तथा स्वयं का पहचान पत्र एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज के फोटो आदि आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. अभ्यर्थी अपना ई–आधार डाउनलोड कर जिसमें QR-Code अंकित हो की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति (संलग्न परिशिष्ट में निर्धारित क्रमानुसार) संलग्न करें।
6. **अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Detailed Form Cum Scrutiny ) भरना अनिवार्य है,** यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा उक्त फॉर्म ठोस अपरिहार्य कारण से नहीं भरा गया है, वे अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाईट से उक्त फॉर्म डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उसमें समुचित प्रविष्टियां कर 100 रूपये के पोस्टल ऑर्डर (सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर) के साथ कारण सहित दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होवें।
7. दस्तावेज सत्यापन में प्रयुक्त किये जाने वाले विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप तथा अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश संलग्न है।

**संलग्नः– 1. सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूची ।**
**2. विभिन्न शपथ–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का प्रारूप।**
**3. अभ्यर्थियों हेतु दिशा–निर्देश ।**

(............ )
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा
राजस्थान..........

क्रमांकः– ...................................................... दिनांकः– यथा हस्ताक्षर

**प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्तानुसार सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करावे।
2. संयुक्त शासन सचिव शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
3. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।
4. रक्षित पंजिका।

संयुक्त निदेशक

# <u>कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा..........................</u>

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती परीक्षा–2024
## अभ्यर्थी द्वारा विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र के साथ दस्तावेज नत्थीबद्व करने हेतु जारी आवश्यक दिशा–निर्देश

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र में आवश्यक कॉलम की पूर्ति की जाकर **दो प्रतियों** में प्रस्तुत किया जाना हैं। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र की दोनों प्रतियों के साथ स्वयं हस्ताक्षरित अपलोड किए गए दस्तावेजों को निम्नानुसार नत्थीबद्ध की जानी हैंः–

01. शैक्षणिक योग्यता सत्यापन हेतु संपूर्ण अंकतालिकाएं/प्रमाण पत्रों की प्रतियां।
02. जन्मतिथि के सत्यापन हेतु सैकण्डरी उत्तीण की अंकतालिका की प्रति/जन्मप्रमाण–पत्र की प्रति।
03. मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति। अनूसूचित क्षेत्र (टीएसपी) का निवासी होने की स्थिति में अनुसूचित क्षेत्र का विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति।
04. जाति प्रमाण पत्र (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग के लिए अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र, जिसमें अति पिछडा वर्ग सम्मिलित जातियों का नाम हों/सहरिया आदिम जाति का सक्षम स्तर से जारी प्रमाण पत्र)। विज्ञापन में उल्लेखानुसार कार्मिक (क–2) विभाग के परिपत्र दिनांक 20.01.2022 के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन–जाति, अन्य पिछडा वर्ग, अति पिछडा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियो को आरक्षण का लाभ लेने हेतु जाति प्रमाण–पत्र ऑन लाईन आवेदन की अन्तिम तिथि जारी किया हुआ प्रस्तुत करना होगा। आवेदन की अन्तिम तिथि के बाद का प्रमाण पत्र वाले अभ्यर्थी शपथ पत्र प्रस्तुत करें।
05. दस्तावेज सत्यापन के समय हस्तलिपि (बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रारूप अनुसार) की जांच हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अभ्यर्थी द्वारा स्वहस्तलिखित पैराग्राफ अपलोड करें एवं उसकी मूल प्रति साथ लावें। विस्तृत आवेदन में अपलोड की जाने वाली फोटों एवं आवेदन में अपलोड की गई फोटो समान होनी चाहिएं। हस्ताक्षर, आवेदन में किए गए हस्ताक्षर समान होने चाहिए।
06. अन्य प्रमाण पत्र–(इनमें से जो लागू हों)
    A. विधवा महिला के मामले में महिला के पति का मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति, जिसमें पत्नी का नाम स्पष्ट अंकित हों। उक्त श्रेणी की अभ्यर्थियां साक्ष्य के रूप में पति की मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ विवाह पंजियन प्रमाण पत्र अथवा पति–पत्नी की कोई संयुक्त आईडी/राशन कार्ड/आधार कार्ड/वोटर आईडी अथवा प्रमाणित दस्तावेज संलग्न करें, जिसमे पति–पत्नी होने का उल्लेख। इस श्रेणी की अभ्यर्थना पुनर्विवाह किए जाने/नहीं किए जाने के संबंध में फोटोयुक्त स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र संलग्न करें।

B. परित्यक्ता महिला के मामले में सक्षम न्यायालय द्वारा जारी डिक्री की प्रति। उक्त श्रेणी अभ्यर्थियां तलाक की डिक्री आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें और यदि पति–पत्नी की कोई संयुक्त आईडी हो तो वह भी संलग्न करें। इस श्रेणी की अभ्यर्थियां द्वारा पुनर्विवाह किए जाने /नहीं किए जाने के संबंध में फोटोयुक्त स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र संलग्न करें।

C. निःशक्तजन के मामले में सक्षम चिकित्सा अधिकारी/मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निःशक्तता प्रमाण पत्र, जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक निःशक्तता का हो, की प्रति।

D. उत्कृष्ट खिलाडी के मामले में विज्ञप्ति दिनांक 12.12.2024 (विज्ञापन संख्या 19/2024) संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 03.03.2025 एवं 12.01.2026 में अंकितानुसार सक्षम स्तर के प्रमाण पत्र/पत्रों की प्रतियां। उक्त खेल प्रमाण पत्र इस भर्ती में आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना आवश्यक है।

E. भूतपूर्व सैनिकों के मामले में सेवानिवृति आदेश एवं डिस्चार्ज डायरी या एनओसी की प्रति एवं स्वतः घोषणा–पत्र/वचन बंध।

F. अलग–अलग राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी दो मूल चरित्र प्रमाण पत्र। (प्रथम सेट के साथ दोनों मूल चरित्र प्रमाण पत्र तथा दूसरे सेट के साथ फोटो प्रतियां लगावें)।

G. अन्तिम शैक्षिणिक संस्था द्वारा जारी मूल चरित्र प्रमाण पत्र।

H. हस्तलिखित– बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रारूप अनुसार (स्वयं प्रमाणित) (प्रथम सेट के साथ मूल हस्तलिखित प्रपत्र तथा दूसरे सेट के साथ फोटो प्रति लगावें)

I. शपथ पत्र (नोटेरी से सत्यापित)– दस्तावेज स्वयं द्वारा जांच कर अपलोड करवाये जाने/एवं फर्जी/कूटरचित पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध में। (प्रथम सेट के साथ मूल शपथ–पत्र तथा दूसरे सेट के साथ फोटो प्रति लगावें)

J. विवाह होने की स्थिति मे विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति।

07. अभ्यर्थी सभी शैक्षणिक, जाति, मूल निवास व विकलांगता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों का अवलोकन कर ले तथा नाम में वर्तनी/स्पेस संबंधी अंतर होने पर शपथ पत्र प्रस्तुत करें।

08. अभ्यर्थी पात्रता जांच हेतु ऑन लाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र की दो प्रतियां, स्वयं का फोटो आईडी प्रुफ व दो पासपोर्ट साइज के फोटो अवश्य लेकर आवे।

09. अभ्यर्थी को दिशा–निर्देशों का ध्यान पूर्वक अध्ययन करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र मय संलग्नकों एवं मूल दस्तावेज के साथ व्यक्तिशः कार्यालय में निर्धारित दिनांक एवं समयावधि में उपस्थित होना है। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति मे अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन से वंचित कर दिया जावेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(                    )
संयुक्त निदेशक